Estb. 2014

# वार्षिक प्रतिवेदन

# 2024-25

## राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां

### जिला कांगड़ा (हि. प्र.)

## मुख्यातिथि

## डॉ. हरबंस लाल धीमान

### सेवानिवृत्त प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां

**प्रस्तुतकर्ता**
**श्री अरुण चन्द्र (प्राचार्य)**
राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां

Email: gcnagrotasuriyan-hp@nic.in, gcnagrotasurian@gmail.com

# वार्षिक प्रतिवेदन 2024–25

नगरोटा सूरियाँ, कांगड़ा जिले के ज्वाली उपखंड के अंतर्गत आता है। नगरोटा सूरियाँ तहसील व ब्लॉक मुख्यालय है, जो राज्य राजमार्ग संख्या–22 (ज्वालामुखी- देहरा- जवाली) पर स्थित है। यह कस्बा प्रसिद्ध एकाश्म मंदिर (Rock Cut Temple) मसरूर से 9 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है तथा यह क्षेत्र रामसर अंतरराष्ट्रीय वेट–लैंड के सन्निकट है। इस प्रसिद्ध भूमि को मानव निर्मित झील "महाराणा प्रताप सागर बांध" के निर्माण से पहले **"हलदून घाटी"** के नाम से भी जाना जाता था। बांध के आसपास की यह भूमि सर्दियों में मध्य एशिया और साइबेरिया के विभिन्न हिस्सों से आए प्रवासी पक्षियों के लिए अनुकूल मानी जाती है।

इस ऐतिहासिक क्षेत्र के लिए महाविद्यालय की घोषणा मार्च 2013 को की गई तदनुसार हिमाचल प्रदेश सरकार ने 15 जनवरी 2014 को अधिसूचना (EDN-A-Ka(1)-1/2014) जारी कर इसकी नींव रखी। महाविद्यालय में कला एवं वाणिज्य विभाग की कक्षाएं 2014, विज्ञान (मेडिकल तथा नॉन मेडिकल) की कक्षाएं 2017 और वर्ष 2018 से व्यावसायिक पाठ्यक्रम BCA की पढ़ाई शुरू की गई। वर्तमान समय में महाविद्यालय की इमारत बनतुंगली में स्थित है जिसकी आधारशिला 17 फरवरी 2015 को रखी गई थी। महाविद्यालय को 14 मार्च 2021 में इस भव्य इमारत में स्थानांतरित किया गया।

वर्तमान समय में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों में 351 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। वर्तमान सत्र का प्रारम्भ 3 जून 2024 को प्रवेश प्रक्रिया के साथ हुआ तत्पश्चात् 23 जुलाई 2024 से नियमित कक्षाएं शुरू हुईं। महाविद्यालय के शिक्षक, गैर शिक्षक, कर्मचारी-वर्ग और छात्रों ने इस शैक्षणिक-सत्र को सफल बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया है।

**महाविद्यालय कर्मचारी -**

वर्तमान में श्री अरुण चंद्र राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियाँ के प्राचार्य हैं। 8 अक्टूबर 2024 को राजकीय महाविद्यालय पालमपुर से प्राचार्य पद पर पदोन्नत व स्थानांतरित होकर नगरोटा सूरियाँ महाविद्यालय में पदभार संभाला। महाविद्यालय में प्राचार्य सहित कुल 18 शिक्षक-पद स्वीकृत है, जिसमें 16 शिक्षक विभिन्न विषयों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। महाविद्यालय में गैरशिक्षकों के 12 पद स्वीकृत है, जिसमें से चार पद रिक्त हैं।

**नियुक्ति कार्यभार-ग्रहण तथा स्थानांतरण**

श्री तिलक राज ने 2 जनवरी 2025 को अधीक्षक श्रेणी-। के रूप में पदोन्नत एवं स्थानांतरित होकर और श्री कुशल धीमान ने 26 सितंबर 2024 को महाविद्यालय में नव-नियुक्त JOA (।T) के रूप में कार्यभार संभाला।

**सेवानिवृत्ति**

श्री कुलभूषण शर्मा 30 जून 2024 को अधीक्षक श्रेणी-2 के पद से व श्री तिलक राज 28 फरवरी 2025 को अधीक्षक श्रेणी-1 के पद से सेवानिवृत हुए।

## महाविद्यालय स्टाफ

| विषय/पद प्रकार | स्वीकृत पद | भरे हुए पद | | | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| | | नियमित | अनुबंध | पी.टी.ए. (GIA) | |
| प्राचार्य | 01 | 01 | - | - | - |
| अंग्रेजी | 03 | 01 | - | - | 02 |
| राजनीति विज्ञान | 01 | - | 01 | - | - |
| अर्थशास्त्र | 01 | 01 | - | - | - |
| इतिहास | 01 | - | 01 | - | - |
| हिंदी | 01 | - | 01 | - | - |
| संगीत (स्वर) | 01 | - | 01 | - | - |
| समाजशास्त्र | 01 | 01 | - | - | - |
| संस्कृत | 01 | 01 | - | - | - |
| वाणिज्य | 02 | 02 | - | - | - |
| भौतिक विज्ञान | 01 | 01 | - | - | - |
| रसायन विज्ञान | 01 | - | 01 | - | - |
| गणित | 01 | - | 01 | - | - |
| वनस्पति विज्ञान | 01 | 01 | - | - | - |
| प्राणीविज्ञान | 01 | 01 | - | - | - |
| पुस्तकालयाध्यक्ष | 01 | 01 | - | - | - |
| गैर-शिक्षण कर्मचारी | | | | | |
| अधीक्षक श्रेणी-। | 01 | - | - | - | 01 |
| अधीक्षक श्रेणी-।। | 01 | - | - | - | 01 |
| वरिष्ठ सहायक | 01 | - | - | - | 01 |
| लिपिक | 02 | 01 | 01 | - | - |
| तबला वादक | 01 | - | - | - | 01 |
| चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 05 | 05 | - | - | - |

छात्र संख्या (Student Strength) :-

वर्तमान सत्र में महाविद्यालय में कुल 351 छात्र हैं, जिनमें 236 छात्राएँ तथा 115 छात्र हैं। कला संकाय में 160, वाणिज्य संकाय में 55, विज्ञान संकाय में 58 तथा बी.सी.ए.(BCA) में 78 छात्र व छात्राएँ अध्ययनरत हैं।

राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियाँ में 30-09-2024 तक विभिन्न विषयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की सूची (सत्र 2024-25)

| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 | 09 | 10 | 11 | 12 | 13 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स. | श्रेणीवार नामांकन | सामान्य वर्ग | | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जनजाति | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | कुल | कुल | कुल |
| | | छात्र | छात्राएँ | छात्र | छात्राएँ | छात्र | छात्राएँ | छात्र | छात्राएँ | छात्र | छात्राएँ | कुल |
| ला ातक | बी.ए. प्रथम वर्ष | 0 | 9 | 6 | 14 | 0 | 0 | 7 | 28 | 13 | 51 | 64 |
| | बी.ए. द्वितीय वर्ष | 3 | 7 | 3 | 10 | 0 | 0 | 4 | 19 | 10 | 36 | 46 |
| | बी.ए. तृतीय वर्ष | 3 | 3 | 4 | 12 | 0 | 0 | 2 | 26 | 9 | 41 | 50 |
| | कुल | 6 | 19 | 13 | 36 | 0 | 0 | 13 | 73 | 32 | 128 | 160 |
| विज्ञान ातक | बी.एस.सी प्रथम वर्ष | 2 | 4 | 0 | 5 | 0 | 0 | 3 | 8 | 5 | 17 | 22 |
| | बी.एस.सी द्वितीय वर्ष | 0 | 1 | 1 | 3 | 0 | 0 | 1 | 8 | 2 | 12 | 14 |
| | बी.एस.सी तृतीय वर्ष | 3 | 2 | 2 | 2 | 0 | 0 | 6 | 7 | 11 | 11 | 22 |
| | कुल | 5 | 7 | 3 | 10 | 0 | 0 | 10 | 23 | 18 | 40 | 58 |
| ाणिज्य ्नातक | बी.कॉम प्रथम वर्ष | 0 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 3 | 5 | 4 | 7 | 11 |
| | बी.कॉम द्वितीय वर्ष | 1 | 2 | 3 | 2 | 0 | 0 | 2 | 9 | 6 | 13 | 19 |
| | बी.कॉम तृतीय वर्ष | 1 | 5 | 3 | 1 | 0 | 0 | 4 | 11 | 8 | 17 | 25 |
| | कुल | 2 | 8 | 7 | 4 | 0 | 0 | 9 | 25 | 18 | 37 | 55 |
| बी.सी.ए (BCA) | प्रथम/द्वितीय सेमेस्टर | 2 | 1 | 6 | 1 | 0 | 0 | 13 | 7 | 21 | 9 | 30 |
| | तृतीय/चतुर्थ सेमेस्टर | 5 | 3 | 4 | 1 | 0 | 0 | 6 | 8 | 15 | 11 | 26 |
| | पंचम/छठी सेमेस्टर | 1 | 1 | 5 | 1 | 0 | 0 | 5 | 9 | 11 | 11 | 22 |
| | कुल | 8 | 5 | 15 | 3 | 0 | 0 | 24 | 24 | 47 | 31 | 78 |
| | | | | | | | | | कुल छात्र /छात्राएँ | 115 | 236 | 351 |

*कला/ विज्ञान/ वाणिज्य/ बी.सी.ए. प्रथम तथा द्वितीय वर्ष की कक्षाएं हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से सम्बंधित हैं।

*कला/ विज्ञान/ वाणिज्य/ बी.सी.ए. तृतीय वर्ष की कक्षाएं सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी से सम्बंधित हैं।

**सत्र 2023-24 का परीक्षा परिणाम**

| क्र. स. | संकाय | परीक्षा में कुल उपस्थित छात्र | परीक्षा में कुल उत्तीर्ण छात्र | परिणाम प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बी.ए. प्रथम वर्ष | 54 | 34 | 62.96 % |
| | बी.ए. द्वितीय वर्ष | 50 | 48 | 96 % |
| | बी.ए. तृतीय वर्ष | 69 | 68 | 98.55 % |
| 2. | बी.कॉम प्रथम वर्ष | 24 | 14 | 58.33 % |
| | बी.कॉम द्वितीय वर्ष | 25 | 24 | 96 % |
| | बी.कॉम तृतीय वर्ष | 28 | 28 | 100 % |
| 3. | बी.एस.सी प्रथम वर्ष | 18 | 11 | 61.11 % |
| | बी.एस.सी द्वितीय वर्ष | 22 | 22 | 100 % |
| | बी.एस.सी तृतीय वर्ष | 28 | 27 | 96.42 % |

**शैक्षणिक उपलब्धियां -**

- परीक्षा में उपस्थित कुल छात्र (B.A., B.Sc., B.com)= 318
- परीक्षा में कुल उत्तीर्ण छात्र (B.A., B.Sc., B.com)= 276
- महाविद्यालय का कुल पास प्रतिशत 85.48 % रहा।
- 92% छात्र ए ग्रेड या उससे ऊपर के ग्रेड के साथ उत्तीर्ण रहे।

**प्रमुख सह-पाठ्यचर्या गतिविधियाँ -**

- 3 छात्रों की एक टीम ने 13 सितंबर और 14 सितंबर 2024 को भाषा एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित निबंध लेखन, भाषण और कविता पाठ प्रतियोगिता में भाग लिया।
- वाणिज्य विभाग के विधार्थियों ने 11 अक्टूबर 2024 को पालमपुर स्थित राणा चाय फैक्ट्री का शैक्षणिक एवं व्यवसायिक दौरा किया।
- इतिहास विभाग के विद्यार्थियों ने 1 अक्टूबर 2024 को काँगड़ा कला संग्राहलय धर्मशाला और काँगड़ा किले का शैक्षणिक दौरा किया।
- 14 से 16 अक्टूबर 2024 तक राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित एच.पी.यू. युवा महोत्सव में महाविद्यालय के 07 विद्यार्थियों ने विविध प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिसमें विज्ञान स्नातक तृतीय वर्ष के छात्र अनिकेत गुलेरिया ने कार्टूनिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- विज्ञान स्नातक तृतीय वर्ष के छात्र अनिकेत गुलेरिया का चयन उत्तर-क्षेत्रीय अन्तर्विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए हुआ, जहाँ उसने उत्तम प्रदर्शन किया।

- राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हमीरपुर में 13 से 15 नवम्बर 2024 तक आयोजित अंतर्महाविद्यालय एथलेटिक स्पर्धा में महाविद्यालय के 02 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें अनमोल मंडल (BA तृतीय वर्ष) ने भाला फ़ेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
- महाविद्यालय की ओर से रोवर्स व रेंजर्स के पांच स्वयंसेवकों ने रिवालसर में राज्य स्तरीय निपुण प्रशिक्षण में भाग लिया।

**विशिष्ट गतिविधियाँ -**

- 4 सितम्बर 2024 को महाविद्यालय के पुस्तकालय-निरीक्षण हेतु उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा गठित एक विशेष दल ने महाविद्यालय का दौरा किया।
- डॉ. सुशील कुमार बस्सी की अध्यक्षता में एक विशेष दल ने स्व-मूल्यांकन रिपोर्ट 2023-24 में प्रदत्त जानकारियों का प्रत्यक्ष सत्यापन करने के लिए महाविद्यालय का दौरा किया।
- महाविद्यालय के आस-पास स्थित सात वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों के साथ शिक्षा एवं खेल जैसे विषयों में आपसी सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन (MoU) किया गया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय के शिक्षक वर्गों की समितियों ने फरवरी माह में इन स्कूलों का दौरा किया तथा 10+2 के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में उपलब्ध अवसरों का ज्ञान कराया।

**पुस्तकालय –**

पुस्तकालय किसी भी शैक्षणिक संस्थान की जीवन रेखा और अभिन्न अंग है। महाविद्यालय के पुस्तकालय में वर्तमान समय में 1767 पुस्तकें है और साथ ही छात्रों के लाभ के लिए 05 महत्त्वपूर्ण समाचार पत्र और 03 पत्रिकाएं नियमित रूप से उपलब्ध है। महाविद्यालय प्रशासन अनवरत महाविद्यालय के विस्तार और विकास के लिए प्रयासरत है जिसमें 01 लाख से अधिक के मूल्य की किताबों का क्रय किया गया।

**महाविद्यालय पत्रिका -**

महाविद्यालय की पत्रिका **"हल्दूण"** अनवरत प्रकाशित होती आ रही है। महाविद्यालय की दर्पण-स्वरूपा यह पत्रिका युवा मन को अपनी रचनात्मकता, कल्पना और विचारों को पूरी तरह से व्यक्त करने का अवसर प्रदान करती है। श्री परवीर धीमान महाविद्यालय पत्रिका के मुख्य संपादक है।

पत्रिका के अनुभागों का विवरण इस प्रकार है :-

| क्रम संख्या | अनुभाग | नाम | पद |
|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी | श्री परवीर धीमान | मुख्य व अनुभाग संपादक |
| 2 | योजना एवं वाणिज्य संकाय | श्रीमती नेहा चौधरी | अनुभाग संपादक |
| 3 | हिन्दी | श्री नीलकमल कुमार | अनुभाग संपादक |
| 4 | पहाड़ी/संस्कृत | डॉ राजेश कुमार | अनुभाग संपादक |
| 5 | भौतिक विज्ञान | सुश्री प्रिया | अनुभाग संपादक |
| 6 | जीव विज्ञान | डॉ अनुरागिनी | अनुभाग संपादक |

महाविद्यालय में विभिन्न तरह के क्लब, संगठन, इकाइयां, समितियां इत्यादि सक्रिय हैं। जिनके द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विविध गतिविधियों का संचालन किया जाता है। महाविद्यालय में कार्यरत प्रमुख पंजीकृत संघ/सोसाइटी निम्न हैं:

1. **महाविद्यालय केन्द्रीय छात्र संगठन [CSCA]** - महाविद्यालय में विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार एक कार्यात्मक (CSCA) महाविद्यालय केन्द्रीय छात्र संघ गठित किया गया है जिसका शपथ ग्रहण समारोह 21 अक्टूबर 2024 को सत्र 2024-25 के लिए किया गया। वर्तमान में इसके पदाधिकारी निम्न हैं -

| क्रम संख्या | पद | नाम | पिता का नाम | कक्षा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अध्यक्ष | विकास गौरव | श्री सुरिन्दर कुमार | विज्ञान स्नातक, तृतीय वर्ष |
| 2 | उपाध्यक्ष | सोनाली | श्री संजय कुमार | कला स्नातक, तृतीय वर्ष |
| 3 | महासचिव | मानसी | श्री विरेन्द्र कुमार | वाणिज्य स्नातक, तृतीय बर्ष |
| 4 | संयुक्त सचिव | अंजली | श्री रमन कुमार | बी.सी. ए. प्रथम वर्ष |

2. **अभिभावक शिक्षक संघ (पी.टी. ए.)** - सत्र 2024-25 के लिए पी.टी. ए. का गठन 14 सितंबर 2024 को किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों और प्रशासन के बीच बेहतर सामंजस्य और विचारों का आदान-प्रदान स्थापित करना है। यह संघ महाविद्यालय प्रशासन को विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों में सहायता करता है। अभिभावक-शिक्षक संघ के पदाधिकारी निम्न है -

| क्रम संख्या | पी टी ए सदस्य का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | श्री राकेश कुमार | अध्यक्ष |
| 2 | श्रीमती अरुणा | उपाध्यक्ष |
| 3 | डॉ राजेश कुमार | सचिव |
| 4 | श्री अश्वनी कुमार | संयुक्त सचिव |
| 5 | श्री देश राज | कोषाध्यक्ष |
| 6 | श्री विक्रम सिंह | मुख्य सलाहकार |

15 मार्च 2025 तक पी.टी. ए. फंड में उपलब्ध शेष राशि: 2,15,293 Rs.

3. **पूर्व छात्र संगठन (GDCNSAA: Govt. Degree College Nagrota Surian Alumni Association)**

यह महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्रों का एक पंजीकृत संगठन है। जिसे राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियाँ भूतपूर्व छात्र संगठन के रूप मे जाना जाता है। इस संगठन का उद्देश्य अपनी गतिविधियों के माध्यम से छात्रों की मदद करना है। इस संगठन के पदाधिकारी अधोलिखित हैं-

| क्रम संख्या | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | नितिन शर्मा | अध्यक्ष |
| 2 | अभय कुमार | उपाध्यक्ष |
| 3 | ध्रुवी | महासचिव |
| 4 | कनिका | संयुक्त सचिव |
| 5 | शालिनी गुलेरिया | कोषाध्यक्ष |
| 6 | दिव्या | मुख्य-सलाहकार |

4. उच्च शिक्षा संस्थान सोसायटी (HEIS):

महाविद्यालय में उच्च शिक्षा संस्थान सोसायटी कार्यरत है, जो BCA तथा PGDCA जैसे स्वपोषित पाठ्यक्रमों (Self-Finance Courses) को संचालित करती है। यह सोसाइटी महाविद्यालय प्राचार्य की अध्यक्षता में विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा का सुअवसर प्रदान करती है। वर्तमान में महाविद्यालय में BCA के 78 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं तथा नए सत्र से पीजीडीसीए (PGDCA) की कक्षा नियमित रूप से प्रारम्भ हो जाएगी। अग्रिम सत्र 2025-2026 में BCA कोर्स में 60 सीटें उपलब्ध होंगी जिसकी अनुमति विश्वविद्यालय से मिल गई है।

**महाविद्यालय में कार्यरत प्रमुख प्रकोष्ठ व समितियां निम्न हैं:**

**1. आंतरिक गुणवत्ता निर्धारण प्रकोष्ठ (IQAC)** : (संयोजक: डॉ राजेश कुमार सह आचार्य संस्कृत विभाग)

NAAC के अनुसार महाविद्यालय में आइक्यूएसी **(आंतरिक गुणवत्ता निर्धारण प्रकोष्ठ)** का गठन किया गया है । महाविद्यालय के सभी विकासात्मक गतिविधियों जैसे शैक्षणिक, सह-पाठ्यचर्या, आधारभूत एवं बुनियादी ढांचे का निर्माण जैसे कार्यों की परिकल्पना एवं क्रियान्वयन प्रकोष्ठ द्वारा इस वर्ष भी किया गया।

**2. करियर परामर्श और स्थानन (प्लेसमेंट) प्रकोष्ठ:** (संयोजक: श्री प्रवीर धीमान, सहायक आचार्य अंग्रेजी)

यह प्रकोष्ठ किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान का एक अभिन्न अंग है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की शिक्षा को सार्थक करके उसे आजीविका के लिए तैयार करना एवं इसके अवसर उपलब्ध करवाना है। यह प्रकोष्ठ सत्र 24-25 में पूर्ण निष्ठा के साथ इस कार्य में संलग्न रहा। इस सत्र में प्रकोष्ठ द्वारा करियर सम्बन्धी विभिन्न पहलुओं पर विशेष व्याख्यानों का आयोजन किया गया और विद्यार्थियों को करियर की सम्भवनाओं के प्रति भी जागरूक किया गया।

इसके अतिरिक्त 20 दिसंबर 2024 करियर परामर्श और स्थानन (प्लेसमेंट) प्रकोष्ठ के नेतृत्व में मादक पदार्थों की लत के बारे जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली महाविद्यालय परिसर से नगरोटा सूरियाँ बस अड्डे तक आयोजित की गई । जिसमें प्राचार्य एवं स्टाफ के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

**3. छात्र शिकायत निवारण प्रकोष्ठ – (संयोजिका** डॉ. अनुरागिनी, सहायक प्राध्यापक, प्राणीविज्ञान)

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी) छात्रों की शिकायतों का निवारण विनियमन 2019 के पैरा 8(1) के निर्देश और आवश्यकता के अनुसार छात्र शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। छात्र अपनी शिकायतें महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध पोर्टल पर दर्ज करा सकते हैं अथवा महाविद्यालय परिसर में विद्यमान शिकायत पेटी में भी डाल सकते हैं। यह प्रकोष्ठ छात्रों की शिकायतों का त्वरित (तत्काल) समाधान करने के लिए सदैव तत्पर रहता है। इस सत्र में प्राप्त समस्याओं का प्रकोष्ठ के द्वारा त्वरित निवारण किया गया।

**4. कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम:–** लैंगिक समानता और लैंगिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए महाविद्यालय में प्रो. अनुरागिनी द्वारा गठित कार्यस्थलों पर महिलाओं की यौन उत्पीड़न की रोकथाम समिति बनाई गई है। यह समिति लड़कियों और महिला कर्मचारियों के यौन उत्पीड़न से संबंधित विभिन्न शिकायतों को सुनने के लिए मंच प्रदान करती है। इस समिति का उद्देश्य महिलाओं की शिकायतों का संज्ञान लेना उन्हें संवेदनशील बनाना और उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है। इस प्रकोष्ठ द्वारा वर्तमान सत्र में विशिष्ट व्याख्यानों का आयोजन भी किया गया तथा प्राप्त हुई शिकायतों का निवारण भी किया गया।

**5. छात्रवृत्ति समिति** -( संयोजक: डॉ राजेश कुमार, सहायक प्राध्यापक, संस्कृत विभाग )

महाविद्यालय, केंद्र और राज्य सरकार की प्रायोजित योजनाओं के तहत विभिन्न श्रेणियों में छात्रों को छात्रवृत्ति प्राप्त करवाने के अवसर में सहायता करता है। 2024-25 में अधोलिखित योजनाओं के अंतर्गत छात्रवृति प्राप्त करने के लिए 85 छात्रों का सत्यापन किया गया ।

| क्र.सं. | छात्रवृत्ति का नाम | सत्यापित छात्रों की संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | नया | नवीनीकरण |
| 1. | Centre Sector Scheme of Scholarship for college and University Students | 3 | 3 |
| 2. | Post- Matric scholarship to OBC | 31 | 23 |
| 3. | Post- Matric scholarship to EBC | 3 | 0 |
| 4. | Post- Matric scholarship to SC | 12 | 6 |
| 5. | Kalpana Chawla | 0 | 4 |
| | कुल=85 | 49 | 36 |

टिप्पणी :- यह छात्रवृत्तियां सरकार के विविध मंत्रालयों द्वारा छात्रों के बैंक खाते में सीधा भेजी जाती है।

**6. मध्यावधि-परीक्षा समिति:** (संयोजिका: डॉ. अनुरागिनी, प्राध्यापिका प्राणी विज्ञान)

मध्यावधि-परीक्षा समिति ने वर्तमान सत्र में परीक्षा प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से पूरा किया। मध्यावधि परीक्षा 9 दिसंबर 2024 से 21 दिसंबर 2024 तक आयोजित की गई।

**7. रैगिंग विरोधी और अनुशासन समिति** – महाविद्यालय में सत्र 2024–25 के लिए रैगिंग विरोधी समिति का गठन किया गया है। इस समिति ने अभिविन्यास कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सम्बोधित किया तथा इसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिला। महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है कि इस सत्र के दौरान महाविद्यालय में रैगिंग का कोई मामला सामने नहीं आया।

**महाविद्यालय में सक्रिय क्लबों का विवरण इस प्रकार से है:**

**1. राष्ट्रीय सेवा योजना:** (संयोजक: अभिषेक पाल, सहायक प्राध्यापक, संगीत) कुल स्वयंसेवक - 100

इसका मुख्य उद्देश्य बहुआयामी व्यक्तित्व का विकास करना तथा छात्रों में सामाजिक सेवा, सामाजिक चेतना और सामाजिक जिम्मेदारियों की भावना को बढ़ावा देना है। वर्तमान सत्र में स्वयंसेवियों ने अर्ध दिवसीय और एक दिवसीय शिविरों के दौरान महाविद्यालय परिसर की सफाई की तथा परिसर को सुंदर बनाने की दिशा में फूलों का तथा वृक्षों का रोपण किया। 23 से 27 दिसंबर 2024 और 6 और 7 जनवरी 2025 तक महाविद्यालय में एन एस एस विशेष शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर का सौन्दर्यीकरण तथा छात्रों में परस्पर सहयोग की भावना का विकास इस सात दिवसीय शिविर के माध्यम से किया गया। इस शिविर के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापक वर्ग और कर्मचारियों ने भी श्रम दान दिया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर में प्रत्येक दिन अलग-अलग विषयों से संबंधित विषय-विशेषज्ञों को बुलाकर स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन किया गया। जिसमें आयुर्वेद का महत्व, एक पेड़ मां के नाम, विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर, आधुनिक समय में हिंदी और इसका महत्व तथा आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष व्याख्यानों का आयोजन किया गया। एनएसएस के इस सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रारम्भ 23 दिसंबर 2024 को महाविद्यालय के प्राचार्य के कर कमलों द्वारा किया गया एवं इसका समापन 7 फरवरी 2025 को सुश्री शिखा, कार्यकारी मजिस्ट्रेट, तहसील नगरोटा सूरियाँ द्वारा किया गया। आदर्श कुमार मेहरा तथा सोनाली को सत्र 2024 -25 के लिए सर्वश्रेष्ठ एन एस एस स्वयंसेवी चुना गया।

**2. रेड रिबन क्लब:** (संयोजिका- सुश्री प्रिया, सहायक प्राध्यापक, रसायन विज्ञान) कुल सदस्य 46

हिमाचल प्रदेश एड्स नियंत्रण संस्था के निर्देशानुसार वर्ष 2015 में महाविद्यालय में इस क्लब की इकाई का संगठन किया गया, तब से यह क्लब छात्रों को तथा समाज को जागरुक करने के लिए विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन कर रहा है। इस क्लब का उद्देश्य एड्स जैसी जटिल बीमारियों को लेकर छात्रों में बैठी गलत अवधारणा को बदलना है तथा

इससे बचाने और रोकथाम के उपाय को लेकर छात्रों को जागरूक करना है। क्लब का एक उद्देश्य 17 से 25 वर्ष की आयु के युवाओं में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना भी है।

30 नवंबर व 2 दिसंबर 2023 को राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियाँ के रेड रिबन क्लब ने विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं और विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। प्रतियोगिताएं दो दिनों तक चलीं और इसमें क्लब द्वारा आयोजित कई गतिविधियां शामिल थीं। विकास गौरव (अध्यक्ष CSCA) ने कॉलेज के विद्यार्थियों को PPT के माध्यम से एचआईवी वायरस के बारे में जानकारी दी।

2 दिसंबर 2024 को स्वास्थ्य विभाग से स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुभाष चंद और काउंसलर कृष्ण कुमार ने विद्यार्थियों को एड्स के बारे में जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

**3. रोवर्स और रेंजर्स:** कुल 48 सदस्य

संयोजक: श्री काकू राम मन्हास, सहायक आचार्य, समाजशास्त्र

संयोजिका:प्रोफेसर नेहा चौधरी सहायक आचार्य, वाणिज्य

क्लब में 24 रेंजर तथा 24 रोवर्स सहित कुल 48 सदस्य हैं। क्लब की स्थापना जुलाई 2021 में की गई थी। यह इकाई विभिन्न सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल है। इस सत्र में महाविद्यालय की ओर से रोवर्स व रेंजर्स के पांच स्वयंसेवकों ने रिवालसर में राज्य स्तरीय निपुण प्रशिक्षण में भाग लिया। 22 फरवरी 2025 को रोवर्स और रेंजर्स के स्वयंसेविओं ने रोवर्स एंड रेंजर्स का स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

**4. इको क्लब :** (संयोजक - श्री युवराज, सहायक प्राध्यापक, इतिहास) कुल सदस्य 40

यह क्लब पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में सामाजिक जागरूकता बढ़ाने और क्लब की गतिविधियों में छात्रों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करके पर्यावरण के प्रति उनके दृष्टिकोण को बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। इको क्लब ने 24 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और नेहरू युवा केंद्र धर्मशाला के साथ मिलकर **"एक पेड़ मां के नाम"** कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण का आयोजन किया।

**5. सड़क सुरक्षा क्लब :-** (संयोजक: डॉक्टर राजेश कुमार, सहायक आचार्य संस्कृत)

अक्टूबर 2021 में महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा क्लब की स्थापना की गई है। यह क्लब महाविद्यालय के छात्रों के साथ-साथ आम जनता के बीच सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता अभियान चलाने और प्रतियोगिताएं आयोजित करने का कार्य करता है। इस वर्ष भी क्लब ने 20 दिसम्बर 2024 को जागरूकता रैली और दिसम्बर एवं फरवरी में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया। इस सत्र में विशेष व्याख्यान का आयोजन भी 27 फरवरी 2025 को किया गया जिसमें प्रो परवीर धीमान तथा श्री अंकुश शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

**6. स्पोर्ट्स क्लब -** (संयोजक : श्री अजय कुमार, सहायक आचार्य अर्थशास्त्र)

वर्तमान शैक्षणिक सत्र में एथलीटों ने 11 दिसंबर 2024 को आयोजित वार्षिक एथलेटिक मीट में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी खेल भावना का प्रदर्शन किया। इसमें महाविद्यालय के 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। लड़कों में आशीष कुमार तथा लड़कियों में गुरमीत कौर को सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित किया गया।

**7. मतदाता जागरूकता क्लब:** (संयोजक : श्री काकू राम मन्हास, सहायक आचार्य, समाजशास्त्र)
इस क्लब का उद्देश्य विद्यार्थियों को चुनाव प्रक्रिया से अवगत करते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। महाविद्यालय के सभी योग्य छात्रों का 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर वोटर कार्ड बनाने को प्रेरित करना है व इस दिशा में चुनाव विभाग के साथ मिल कर कार्य करना है। वर्तमान सत्र में क्लब की और से 13 नवंबर 2024 को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया व 11 विद्यार्थियों के वोटर कार्ड बनाने के लिए आवेदन किया गया। मतदाता साक्षरता क्लब ने 26 नवंबर 2024 को *हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान* थीम पर संविधान दिवस मनाया

**क्रमानुसार वार्षिक शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियां-**
महाविद्यालय के छात्रों ने कई शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेकर महाविद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा कर अपना भी सर्वांगीण विकास किया है।

**जुलाई 2024-**

- कला, वाणिज्य, विज्ञान और बीसीए प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन (अभिविन्यास) कार्यक्रम 22 जुलाई 2024 को आयोजित किया गया।

**अगस्त 2024-**

- हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय पंजीकरण प्रक्रिया, छात्रवृत्ति पंजीकरण और आवेदन प्रक्रिया, ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म और एबीसी (ABC) आईडी निर्माण, नशा मुक्त भारत और टीवी मुक्त भारत पर छात्रों द्वारा ऑनलाइन प्रतिज्ञाएं लेने जैसी विभिन्न गतिविधियों के बारे में जागरूकता पर 10 अगस्त 2024 को एक मेगा जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।
- 17 अगस्त 2024 से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला शुरु की गई जिसमें प्रथम स्तर की प्रश्नोत्तरी का विषय था -भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास
- महाविद्यालय ने छात्रों की रचनात्मकता और कौशल को प्रोत्साहित करने के लिए 30–31 अगस्त 2024 को दो दिवसीय प्रतिभा अन्वेषण (टैलेंट हंट) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में भाषण, कार्टून बनाना, पोस्टर बनाना, चित्रकारी, वाद–विवाद, गायन, नृत्य, रंगोली, फोटोग्राफी, रील बनाना आदि प्रतियोगिताएं शामिल थी।

**सितम्बर 2024 -**

- तीन छात्रों की एक टीम ने 13 और 14 सितंबर 2024 को भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित निबंध लेखन, भाषण और कविता पाठ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। महाविद्यालय ने हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए 14 सितंबर 2024 को हिंदी दिवस मनाया। इस समारोह में भाषण, सुलेख और निबंध लेखन की प्रतियोगिताएं शामिल थी।
- 36 छात्रों (18 टीमों में विभाजित) के एक समूह ने 19 सितंबर 2024 को अपनी स्थापना के 90वें वर्ष पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रायोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया।
- 25 सितंबर 2024 को हिमाचल प्रदेश का सामान्य ज्ञान विषय पर स्तर–2 प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।
- 26 सितंबर 2024 को वैश्विक उत्कृष्टता कौशल, मुंबई के सहयोग से वित्तीय साक्षरता विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अक्टूबर 2024 -

- 1 अक्टूबर 2024 को इतिहास विभाग के छात्रों द्वारा कांगड़ा कला संग्रहालय (धर्मशाला) और कांगड़ा किले का अध्ययन दौरा किया गया।
- 11 अक्टूबर 2024 को वाणिज्य विभाग के छात्रों द्वारा पालमपुर में राणा चाय फैक्ट्री का क्षेत्रीय दौरा किया गया।
- दिनांक 14/10/2024 को छात्र और स्टाफ सदस्यों ने राजकीय महाविद्यालय ज्वाली द्वारा आयोजित आइटीआर–2 (ITR) की ई–फाइलिंग पर एक ऑनलाइन (आभासी) कार्यशाला में भाग लिया।
- महाविद्यालय के 7 विद्यार्थियों ने 14 से 16 अक्टूबर 2024 तक राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के युवा महोत्सव में भाग लिया। जहां छात्रों ने वाद–विवाद, भाषण और कार्टून बनाने की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियाँ का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा विज्ञान-स्नातक तृतीय वर्ष के छात्र अनिकेत गुलेरिया ने कार्टून बनाने की प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया तथा महाविद्यालय का मान बढ़ाया।
- 18 अक्टूबर 2024 महाविद्यालय के कैरियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट समिति द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के पूर्व छात्र संघ के सहयोग से विदेशी भाषाओं में चुनौतियां और अवसर विषय पर राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियाँ पूर्व छात्र संगठन के अध्यक्ष श्री नितिन शर्मा द्वारा एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया।
- 21 अक्टूबर 2024 को CSCA शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।
- 26 अक्टूबर 2024 को एक दिवसीय दीपावली व्यापार मेला आयोजित किया गया, जिसमे 11 टीमों ने भाग लिया और खाद्य पदार्थ तथा खेलों के विभिन्न स्टॉल तैयार किए। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता का विकास करना तथा उन्हें बाज़ार का वास्तविक अनुभव प्रदान करना था।

नवम्बर 2024 -

- 8 नवंबर 2024 को नेहरू युवा केंद्र धर्मशाला और युवा मामले और खेल मंत्रालय भारत सरकार के विशिष्ट तत्त्वावधान में महाविद्यालय में नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरे के बारे में जागरूक करना था।
- मतदाता जागरूकता क्लब और चुनावी-कार्य कार्यालय ज्वाली की एक टीम ने 13 नवंबर 2024 को 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले छात्रों के मतदाता पंजीकरण के लिए जागरूकता और नामांकन अभियान चलाया।
- महाविद्यालय में 20 नवंबर 2024 को भारत का इतिहास राजनीति और अर्थव्यवस्था विषय पर स्तर-3 प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।
- छात्रों में खेलकूद और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए 28/11/2024 को वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। इसमें लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला फेंक, चक्का फेंक और 1600 मीटर दौड़ जैसी विभिन्न खेलें शामिल थी।
- 29-30 नवंबर 2024 को (DDMA) (जिला आपदा प्रबंधन समिति) कांगड़ा द्वारा आपदा प्रबंधन पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

दिसंबर 2024 -

- 3 दिसंबर 2024 को एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग तथा रंगोली प्रतियोगिताएं शामिल थी।
- 10 दिसंबर 2024 को मानवाधिकार दिवस मनाया गया जिसमें श्री रंजीत (सहायक प्राध्यापक राजनीतिक विज्ञान) ने मौलिक अधिकारों के विषय पर विचार विमर्श किया ।
- महाविद्यालय के सड़क सुरक्षा क्लब ने सड़क सुरक्ष पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जो 20 दिसंबर 2024 को महाविद्यालय परिसर से नगरोटा सूरियाँ बस अड्डे तक आयोजित की गई।
- 20 दिसंबर 2024 को महाविद्यालय द्वारा ड्रग एब्यूज पर कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल के नेतृत्व में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली महाविद्यालय परिसर से नगरोटा सूरियाँ बस अड्डे तक आयोजित की गई।
- 26 दिसंबर 2024 को श्री अभय सिंह ठाकुर (उपाध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियाँ पूर्व छात्र संगठन) द्वारा विद्यार्थियों को **सरकारी क्षेत्र में नौकरियों** के विषय पर विशेष व्याख्यान दिया गया। इस व्याख्यान का आयोजन करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा किया गया।
- 27 दिसंबर 2024 को ड्रग एब्यूज के हानिकारक प्रभावों पर छात्रों को एक लघु फिल्म दिखाई गई ।
- 27 दिसंबर 2024 को जिला आपदा प्रबंधन के द्वारा कॉलेज में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से कॉलेज के विद्यार्थियों को आपदा के दौरान सुरक्षा के उपाय तथा आपदा से निपटने के गुर बताए गए।

जनवरी 2025-

- सड़क सुरक्षा क्लब की तरफ से 29 और 30 जनवरी 2025 को ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी और कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

फरवरी 2025-

- छात्रों के लिए डाटा साइंस में करियर के अवसर पर एआई प्रशिक्षक श्री सागर गेदिया द्वारा जागरूकता व्याख्यान दिया गया।
- अकादमिक गतिविधियों के तहत ग्रैंड फिनाले प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 13 फरवरी 2025 को आयोजित की गई। जिसके विजेता प्रतिभागियों को आज सम्मानित किया जा रहा है।
- 15 फरवरी 2025 को करियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल द्वारा एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान राजकीय महाविद्यालय हरिपुर गुलेर के डॉक्टर दिनेश शर्मा (सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र) और डॉ प्रभात कुमार शर्मा (कार्यवाहक प्राचार्य) द्वारा दिया गया।

मार्च 2025-

- 8 मार्च 2025 को महाविद्यालय में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों व विद्यार्थिओं ने समाज में महिलाओं की स्थिति पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महिला उद्यमियों द्वारा सफलतापूर्वक चलाये जा रहे लिज़्ज़त पापड़ उद्योग पर आधारित एक लघु-चित्रकथा (Documentary) सभी को दिखाई गई।

संकाय सदस्यों की उपलब्धियां

शिक्षक संकाय ने शिक्षा के क्षेत्र में नई तकनीकों को जाना और शोध के क्षेत्र में नवीन अन्वेषणों को किया। इसमें उन्होंने पुनश्चर्या जैसे पाठ्यक्रम पूर्ण किए एवं अनेक शोध-पत्रों का प्रकाशन एवं वाचन भी किया।

**श्री केवल कुमार शर्मा ने (सहायक प्राध्यापक भौतिक विज्ञान)**

- 2 सितंबर 2024 को "राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश" द्वारा आयोजित "प्रकृति और समाज" विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Natural Resources and Sustainability: A Critical Analysis" पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**श्री अजय कुमार ने ( सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र)**

- 2 सितंबर 2024 को **"राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश"** द्वारा आयोजित "प्रकृति और समाज" विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Natural Resources and Sustainability: A Critical Analysis" पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**श्री काकू राम मन्हास (सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र)**

- 23 से 27 जुलाई 2024 तक **"भारतीय समाजशास्त्रीय समिति नई दिल्ली और प्रोविडेंस कॉलेज फॉर वूमंस के इतिहास विभाग"** द्वारा आयोजित पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शोध पद्धति कार्यशाला (हाइब्रिड मोड) में भाग लिया।
- 11 से 13 अक्टूबर 2024 को राजकीय महाविद्यालय पांगी, जिला चंबा द्वारा आयोजित संगोष्ठी में "International Internal and external migration pattern in Himachal Pradesh sociological study of Gaddi tribe" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**श्री परवीर धीमान( सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी विभाग)**

- 22 से 28 जुलाई 2024 तक के **"आईआईटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन गुरुग्राम और न्यूक्लियस ऑफ़ लर्निंग एंड डेवलपमेंट"** द्वारा आयोजित **"अंग्रेजी भाषा शिक्षण में IA (Artificial Intelligence) के साधन"** पर एक सप्ताह के आभासी (online) **"संकाय विकास कार्यक्रम (Faculty development program)"** को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।
- 2 सितंबर 2024 को **"राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश"** द्वारा आयोजित **"प्रकृति और समाज"** विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Human Values in *Panchatantra*" पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- 2 से 8 सितंबर 2024 तक **"गोकुल ग्लोबल विश्वविद्यालय सिद्धपुर गुजरात और न्यूक्लियस ऑफ़ लर्निंग एंड डेवलपमेंट"** द्वारा आयोजित **"सिनेमा एक शैक्षिक उपकरण के रूप में"** विषय पर एक सप्ताह के ऑनलाइन **"संकाय विकास कार्यक्रम (Faculty development program)"** को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।
- **"यूजीसी मालवीय मिशन अध्यापक प्रशिक्षण केंद्र, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़"** द्वारा **"भाषाओं में शिक्षक और अनुसंधान"** विषय पर आयोजित द्विसप्ताहिक (10.12.2024 से 23. 12. 2024) पुनश्चर्या कार्यक्रम को प्रथम श्रेणी के साथ पूर्ण किया।

**डॉ. अनुरागिनी (सहायक प्राध्यापक प्राणी-विज्ञान )**

- 11 और 13 अक्टूबर 2024 को राजकीय महाविद्यालय पांगी द्वारा "Modernization, Globalization, and the Paradoxes of Transformation in Indian Society" विषय पर आयोजित 'Anthropogenic threats to Golden Mahseer: Tiger of Indian Rivers towards extinction' पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- 20 जनवरी से 25 जनवरी 2025 तक **"यूजीसी मालवीय मिशन अध्यापक प्रशिक्षण केंद्र, पटना विश्वविद्यालय"** द्वारा आयोजित on **"e-content development and MOOCS"** विषय पर 6 दिवसीय अल्पावधि पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।
- 18 सितंबर से 1 अक्टूबर 2024 तक **"यूजीसी मालवीय मिशन अध्यापक प्रशिक्षण केंद्र, गोवा विश्वविद्यालय"** द्वारा "Refresher Course in Life Sciences (Interdisciplinary)" विषय पर आयोजित पुनश्चर्या कार्यक्रम को प्रथम श्रेणी के साथ पूर्ण किया।
- 'APPLICATION OF ENVIRONMENTAL DNA FOR STUDYING FRESHWATER FISH DIVERSITY IN GOBIND SAGAR AND PONG RESERVOIRS' विषय पर अपने शोध-प्रबन्ध को पूर्ण करके उसकी मौखिक परीक्षा में विषय विशेषज्ञ को संतुष्ट करके डॉक्टरेट की उपाधि ग्रहण की।
- "Biodiversitas Journal of Biological Diversity" नामक पांडुलिपि की समीक्षा और समालोचना की वर्तमान सत्र में की गई।

**डॉ पुष्पा यादव (सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग वाणिज्य विभाग)**

- 21. 9.2024 को **"राजकीय महाविद्यालय ज्वाली, जिला कांगड़ा"** के वाणिज्य विभाग द्वारा **E- Return Filing of ITR -2 (Excel Utility)** विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।
- एक्सीलेंस ग्लोबल स्किल के सहयोग से 26 सितंबर, 2024 को 'Beyond the classroom: Financial literacy for college grads' शीर्षक से ऑनलाइन वित्तीय साक्षरता कार्यशाला का समन्वय किया।
- "6th Q-Research LLP, INDIA" द्वारा 1 फरवरी से 7 फरवरी, 2025 तक 'Open AI for research' विषय पर आयोजित 7 दिवसीय कार्यशाला को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

**श्रीमती नेहा चौधरी( सहायक अध्यापक वाणिज्य विभाग)**

- 20 जनवरी से 25 जनवरी 2025 तक **"यूजीसी मालवीय मिशन अध्यापक प्रशिक्षण केंद्र, पटना विश्वविद्यालय"** द्वारा आयोजित on "e-content development and MOOCS" विषय पर 6 दिवसीय अल्पावधि पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।
- 29 और 30 नवंबर 2024 को Financial Sector in new economic reforms विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- **"B.R.B. college of commerce Raichur Karnataka"** द्वारा **"Review of Literature in Social Sciences"** विषय पर आयोजित संगोष्ठी में भाग लिया।
- 1 जुलाई 2024 से 31 जुलाई 2024 तक **"यूजीसी मालवीय मिशन अध्यापक प्रशिक्षण केंद्र, हैदराबाद विश्वविद्यालय"** द्वारा **Research Methodology and Data analysis** विषय पर आयोजित 14 दिवसीय पुनश्चर्या कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया।

- 21. 9.2024 को "राजकीय महाविद्यालय ज्वाली, जिला कांगड़ा" के वाणिज्य विभाग द्वारा **E- Return Filing of ITR -2 (Excel Utility)** विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

**डॉ राजेश कुमार (सहायक प्राध्यापक संस्कृत विभाग)**

- 2 सितंबर 2024 को **"राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश"** द्वारा आयोजित **"प्रकृति और समाज"** विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में **"श्रीमद्भगवत गीता में वर्णित मानवीय मूल्य"** पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- **"यूजीसी मालवीय मिशन अध्यापक प्रशिक्षण केंद्र, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़"** द्वारा **"भाषाओं में शिक्षक और अनुसंधान"** विषय पर आयोजित द्विसप्ताहिक (10.12.2024 से 23. 12. 2024) पुनश्चर्या कार्यक्रम को प्रथम श्रेणी के साथ पूर्ण किया।
- 14 जनवरी 2024 को **"हिमाचल संस्कृत अकादमी"** द्वारा आयोजित **"मकर संक्रांति महोत्सव"** में वक्ता के रूप में भाग लिया।
- 19 सितंबर 2024 को **"आईबी स्नातक महाविद्यालय पानीपत हरियाणा"** द्वारा **"संस्कृत वांग्मय में राष्ट्रीय चिंतन"** विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में **"महाभारत में वर्णित राज धर्म"** विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**श्री नीलकमल कुमार (सहायक प्राध्यापक हिंदी विभाग)**

- अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियाँ में 21 फरवरी 2024 को विशेष व्याख्यान दिया। जिसमें मातृभाषा के प्रति लोगों में जागरूकता तथा इसका अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए छात्रों से अपील की।
- **श्री आशीष बामटा (सहायक प्राध्यापक गणित विभाग)**
- 15 मार्च 2024 को भारत सरकार द्वारा "The 2nd International Coding Theory" विषय पर आयोजित संगोष्ठी में भाग लिया।
- 8 से 10 मार्च 2024 तक "Department of Humanities and Social Sciences, National Institute of Technology Rourkela, Odisha" "International Conference on Indian Knowledge Systems: Thought, Theory and Tradition for Human Resource Excellence" विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।
- 22 और 23 मार्च 2024 को "Department of Mathematics, Centre of Excellence, Govt. College Sanjauli, Shimla" द्वारा "International Conference on Advances in Mathematical Sciences, Scientific Computing and its Application" विषय पर आयोजित और DBT-Govt. of India द्वारा वित्तपोषित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में "On a Class of Self-orthogonal and MDS Codes over Finite Rings" विषय पर अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया।

- 21. 9.2024 को "राजकीय महाविद्यालय ज्वाली, जिला कांगड़ा" के वाणिज्य विभाग द्वारा **E- Return Filing of ITR -2 ( Excel Utility)** विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

- 27.11.2024 को "Himachal Pradesh University, Department of Evening Studies, Shimla, (H.P.) द्वारा *"One Day E-Workshop on AI-Tools for Research"* विषय पर आयोजित संगोष्ठी में भाग लिया।
- राजकीय महाविद्यालय कुल्लू हिमाचल प्रदेश द्वारा 03 और 04 दिसंबर 2024 को "International Conference on Pure and Applied Mathematical Sciences (ICPAMS)" विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में "**Construction of reversible almost-equidistant codes over finite rings**" विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**श्री रंजीत (सहायक प्राध्यापक राजनीतिक विज्ञान)**

- DDMA कांगड़ा द्वारा धर्मशाला में 29 फरवरी से 2 मार्च 2024 तक आयोजित "Basic Concepts of Disaster Management" विषय पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लिया।

**सुश्री प्रिया (सहायक अध्यापक रसायन विज्ञान)**

- 5 मार्च 2024 को "**CSIR-National Physical Laboratory, New Dehli**" द्वारा "**Popular Science Writing**" विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।
- 8 से 10 मार्च 2024 को "**Department of Humanities and Social Sciences, NIT Rourkela, Odisha**" द्वारा "**International Conference on Indian Knowledge Systems: Thought, Theory and Tradition for Human Resource Excellence**" विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया
- 18 मार्च 2024 को "**Jaipur Engineering College and Research Centre**" द्वारा "**An Open Access Publishing**" विषय पर आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया।
- 29 और 30 दिसम्बर 2024 को Central University of Himachal Pradesh, Shahpur, Kangra द्वारा "**National Conference on Frontiers in Chemical and Biological Sciences (FCBS-2024)**" विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में '**Biopolymers as a Sustainable Pharmaceutical Material: A Review**' विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- Govt. Degree College, Nagrota Bagwan द्वारा 14 एवं 15 जून 2024 को "**State Level Workshop on Virtual Labs**" विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में भाग लिया।
- इसी अवधि में उनके द्वारा दो शोधपत्रों का प्रकाशन भी किया गया।

**महत्वपूर्ण प्रमुख विकासात्मक उपलब्धियां-**

- बी.सी.ए कंप्यूटर प्रयोगशाला के लिए 2,79,780.12 रूपये की लागत से आधुनिक तकनीकी युक्त चार कंप्यूटर यूपीएस के साथ खरीदे गए।
- हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा 30 सीटों के साथ पीजीडीसीए कक्षाएं चलाने की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त बी.सी.ए की 30 सीटों की क्षमता को बढ़ाकर 60 कर दिया गया है।

- महाविद्यालय पुस्तकालय के लिए 118428 रुपए की संदर्भ पुस्तकें खरीदी गई जो छात्रों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगी।
- इस सत्र की शुरुआत में महाविद्यालय के भवन में जल संरक्षण भंडारण और शौचालय सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इसके रखरखाव तथा मरम्मत का कार्य किया गया। जिसके परिणाम स्वरुप प्रभावी जल संरक्षण हुआ और छात्रों को बेहतर सुविधाएं मिली। छात्रों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए दो जल-शुद्धिकरण उपकरण महाविद्यालय में लगाए गए।
- महाविद्यालय ने वर्षा जल संरक्षण, संग्रहण एवं उपयोग हेतु विशेष कार्य किया है। फूल और पौधों की सिंचाई जैसे कार्यों में वर्षा के जल का उपयोग महाविद्यालय वर्तमान समय में कर रहा है।
- दिव्यांग-जनों के लिए समर्पित शौचालयों का निर्माण भी महाविद्यालय द्वारा किया गया। इससे महाविद्यालय में अध्ययनरत दिव्यांग छात्रों को सुविधा होगी।

**महाविद्यालय द्वारा भविष्य में किए जाने वाले कार्य (भविष्य की परिकल्पना)---**

- हम सत्र 2025-26 से महाविद्यालय में स्व-पोषण के तहत पी.जी.डी.सी.ए कक्षाओं में छात्रों का दाखिला करने जा रहे हैं ।
- महाविद्यालय के पास उपलब्ध भूमि में वॉलीबॉल तथा बैडमिंटन जैसे क्रीडा मैदानों को विकसित करने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए उच्च-शिक्षा निदेशालय को भी पत्र महाविद्यालय की और से लिखा जाएगा ताकि कुछ सहायता राशि भी उपलब्ध हो सके।
- महाविद्यालय की स्वमूल्यांकन रिपोर्ट रैंकिंग में सुधार सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे।
- महाविद्यालय के पुस्तकालय में सन्दर्भ-ग्रन्थों की वृद्धि के लिए अग्रिम सत्र में भी नवीन पुस्तकों के क्रय का प्रयास किया जाएगा।
- महाविद्यालय अगले सत्र के विभिन्न संकायों में नामांकन बढ़ाने के लिए अथक प्रयास कर रहा है जिसके अंतर्गत विभिन्न राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का दौरा कर छात्रों को जागरूक किया जा रहा है।
- आगामी सत्र में कोष को ध्यान में रखते हुए नए कम्प्यूटर्स खरीदने का प्रयास महाविद्यालय के द्वारा किया जाएगा।

मैं महाविद्यालय के स्टाफ, पी.टी.ए सदस्यों, CSCA, भूतपूर्व छात्र संघ और छात्रों की ओर से मुख्यातिथि का आभारी हूं। मैं यहां उपस्थित मीडिया सहित सभी गणमान्य व्यक्तियों को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने इस वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मैं महाविद्यालय की गतिविधियों के सुचारू संचालन में उनके सहयोग के लिए पीटीए अध्यक्ष और सदस्यों का आभारी हूं। मैं इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने स्टाफ और छात्रों का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। अंत में, मैं उन सभी छात्रों को बधाई देता हूं जिन्हें पुरस्कार जीतने का अवसर मिला और आशा करता हूं कि वह जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट होने की परंपरा को बनाए रखेंगे। मैं आप सभी के लिए एक शानदार और समृद्ध भविष्य की कामना करता हूं अपने अंदर की इस उत्कृष्ट को हमेशा बनाए रखें एक बार फिर से आप सभी प्रबुद्ध जनों महानुभावों का धन्यवाद।

**जय हिंद**

श्री अरुण चंद्र प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियाँ
जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश– 176027

Principal
Govt Degree College
Nagrota Surian
Distt. Kangra (HP)-176027